2 फरीदाबाद
लोगों को बुनियादी सुविधाएं देने के लिए मनोहर सरकार प्रयासरत : नगेंद्र भड़ाना

6 अभिमत
खैरातों के कारण कर्ज में डूबते राज्य

9 देश-विदेश
कर्नाटक में हमारा प्रचार अभियान विकास केंद्रित थाः कांग्रेस

11 फीचर
फोन बढ़ा सकता है आपका रक्तचाप, कम करें उपयोग

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 93
फरीदाबाद, बुधवार, 10 मई, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




चोटिल आर्चर बाहर क्रिस जोर्डन मुंबई टीम में
पेज - 12

# राष्ट्रीय सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय व्यापार के बारे में जानकारी दी



समारोह का शुभारंभ करते अतिथि व आयोजक।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय में चेंजिंग सिनेरियो ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड गेंस एंड चैलेंजिस फॉर इंडिया विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह राष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुमोदित था। समारोह के प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि की भूमिका प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंस न्यू दिल्ली ने निभाई। उन्होंने देश के आर्थिक इतिहास के बारे में भी बताया तथा नवप्रवर्तन के विषय पर गहन चिंतन की आवश्यकता को जताया। समारोह में अध्यक्ष के रूप में अग्रवाल महाविद्यालय, प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत उपस्थित रहे तथा मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ज्योति राणा विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल रही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के महत्व को बताया तथा उन्होंने भारत के कुल आयात और कुल निर्यात का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती आराधना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सम्मेलन में प्राचार्य द्वारा सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार के फलस्वरूप होने वाले विभिन्न फायदे व चुनौतियों के बारे में भी बताया। दूसरे सम्मेलन में संयोजक की भूमिका में डॉ. मनोज शुक्ला रहे तथा सह संयोजक डॉ. उषा चौधरी रहीं तथा आयोजन सचिव की भूमिका डॉ. शिल्पा गोयल ने निभाई।